हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

4 शहर को सुव्यवस्थित करने कलेक्टर, एसपी उतरे सड़क पर, हटाया गया अवैध कब्जा



[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

## खबर संक्षेप

### फीडिंग डिमांस्ट्रेटर व स्टाफ नर्स की भर्ती 11 फरवरी को

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ एवं तमनार में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी के लिए फीडिंग डिमांस्ट्रेटर एवं स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से 11 फरवरी 2026 को वॉक.इन.इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वॉक.इन.इंटरव्यू का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में किया जाएगा। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मापदंड, आवेदन प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी रायगढ़ जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि से पूर्व जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

### सालिक राम ने दो टोकन में बेचा पूरा धान

**रायगढ़।** रायगढ़ विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी निवासी किसान सालिक राम ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना का सफलतापूर्वक लाभ उठाते हुए अपना संपूर्ण धान दो टोकन के माध्यम से विक्रय किया। उन्होंने पहले टोकन में 274 कट्टा एवं दूसरे टोकन में 300 कट्टा धान उपार्जन केंद्र में विक्रय किया। धान विक्रय की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान शासन-प्रशासन द्वारा की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर किसान सालिक राम ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह अपना धान कोड़तराई उपार्जन केंद्र में बेचाए जहां किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, छाया, बारदाना सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। किसान सालिक राम ने कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण उन्हें निर्धारित समय पर धान विक्रय का अवसर मिलाए जिससे अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। इसके साथ ही धान तौल, बारदाना वितरण एवं पर्ची व्यवस्था भी सुचारू रूप से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है।


### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से

**रायगढ़।** फाइलेरिया हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी से समाज को मुक्त करने की दिशा में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर रायगढ़ जिले में 10 से 25 फरवरी तक व्यापक सामूहिक दवा सेवन अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान विकासखंड घरघोड़ा और रायगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र लोइंग एवं शहरी क्षेत्र के 4 लाख 64 हजार 616 पात्र नागरिकों को डीओटी पद्धति के अनुसार दवा का सेवन कराया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष 2027 तक जिले सहित पूरे देश को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है तथा फाइलेरिया संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं शहरी क्षेत्रों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके पश्चात 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंचकर दवा खिलाएंगे। वहीं 23 से 25 फरवरी तक मॉप.अप राउंड में छूटे हुए व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान अवधि के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के पास बूथ संचालित रहेंगे तथा शहरी क्षेत्रों में मोबाइल टीमें भी तैनात रहेंगी। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने संबंधित विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रहे।

### यह हालात हैं शहर की दुकानों के, हितग्राहियों ने बताई सच्चाई

# राशन दुकान में अंगूठा लगवाकर दे रहे पैसा, कह रहे चावल नहीं है... पैसे ले लो

**जिनको राशन की जरुरत उनको भी पैसे लेने की मजबूरी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राशन दुकान में अंगुठा लगाइए और चावल के बदले पैसे ले जाइए। यह हम नहीं बल्कि हितग्राही कह रहे हैं। दुकानदार कह रहे हैं चावल नहीं है.. आप पैसे ले जाएं। इसकी एंट्री बाकायदा हितग्राहियों के राशन कार्डों में की जा रही है। ऐसा मामला गुरुवार को सामने आया है। एक महिला हितग्राही अपना राशन कार्ड लेकर सरकारी राशन दुकान पहुंची। दुकान बंद थी, ऐसे में वह दूसरे दुकान पहुंची।

वन नेशन वन राशन के तहत अभी कोई भी हितग्राही किसी भी दुकान से राशन ले सकता है। शहरों में यह व्यवस्था पहले से ही चालू है। ऐसे में महिला हितग्राही दूसरे दुकान पहुंची तो दुकानदार ने कहा चावल नहीं है, आप पैसे ले जा सकते हैं। हितग्राही को चावल की जरुरत थी, लेकिन दुकान के कहने पर उन्होंने राशि ले ली। याने यदि आप चाहोगे तो चावल के बदले पैसा ले सकते हो। यह सिस्टम आज का नहीं बल्कि सालों से चल रहा है।

ऐसे में देखा जाए तो पीडीएस चावल का रोटेशन ही हो रहा है। इससे कस्टम मिलिंग करने वाले लोग मालामाल है। कारण उनके द्वारा जमा किए गए चावल दोबारा कम दाम में लेकर सरकार को महंगे दामों में बिक्री करते हैं। इस तरह का खेल सालों से चल रहा है। वार्ड नंबर 25 कौहाकुण्डा के एक महिला हितग्राही गुरुवार को सुबह सरकारी राशन दुकान पहुंची तो वह बंद था। हितग्राही के अनुसार वह दुकान हमेशा बंद रहती है। इसी बीच किसी ने बताया कि दूसरे दुकान से भी ले सकती हैं। तो उन्होंने अन्य दुकान में जाकर राशन की मांग की। दुकानदार ने कहा चावल तो नहीं है, आपको चावल के बदले पैसा मिल जाएगा। उनको चावल की जरुरत थी, लेकिन था नहीं तो मजबूरी में पैसे लेने पड़े।

**56 किलो का मिला 1120 रुपए**

उस हितग्राही को 56 केजी चावल मिलता है। इतने चावल की एवज में उनको 1120 रुपए दिया गया। याने प्रति किलो 20 रुपए के हिसाब से उनको राशि दी गई। महिला हितग्राही को ई पॉश मशीन में बाकायदा अंगुठा भी लगवाया गया। यह राशन जनवरी महीने का था। यदि पैसे नहीं लेते तो शायद उनका चावल लैप्स हो जाता।

## ओपी ने दिए बीईओ कार्यालय के लिए 50 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसार



विकास खंड मुख्यालय पुसौर में जब से खंड शिक्षा कार्यालय की स्थापना हुई है तब से लेकर अब तक यहां इसका पृथक से कोई कार्यालय नहीं बन पाया है जबकि अन्य विकास खंडों में स्थापना हो चुकी है। इसकी मांग पिछले कई वर्षो से की जा रही थी जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के वित्तमंत्री इस पर विराम लगा दिया है। इसके लिए 50 लाख रुपए उन्होंने स्वीकृति दे दी है।

उक्ताशय की जानकारी नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहित सतपथी ने पुसौर जन जागरण मंच सहित अन्य सोशल मीडिया में इसे साझा कर लोगों को अवगत करा रहे हैं। पुसौर क्षेत्र में स्थापित नामवर शासकीय अशासकीय स्कूलों के छात्र आए दिन जहां टॉप टेन में आ रहे हैं वहीं अपनी शैक्षणिक दक्षता और अपनी खेल प्रतिभा के कारण प्रशासन के उंचे पदों को भी हासिल कर रहे हैं इन सारे तथ्यों के आधार पर पुसौर शिक्षा का हब कहलाने लगा है और ऐसे स्थिति में सारे शैक्षणिक गतिविधियों को निर्देर्शित करने वाला स्थाई खंड शिक्षा कार्यालय न हो तो यह शासन का क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। अति संवेदनशील एवं शिक्षा के प्रति सजग रहने वाले मंत्री ने इस जरूरत को समझा और तत्काल इसकी स्वीकृति दी है। ज्ञात हो कि खंड शिक्षा कार्यालय सर्वप्रथम शासकीय बालक शाला के एक भवन में संचालित हुआ इसके बाद सेवा सहकारी समिति कार्यालय पुसौर के पास स्थित छोटे से भवन में हुआ इसके बाद कुछ समय तक बीआरसी भवन, फिर पुराने ब्लाक कार्यालय और अब बीआरसी के पिछे स्थित भवन में संचालित हैं।

## महिला से मारपीट, तमनार पुलिस ने आरोपी को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाता में महिला एवं उसके पिता के साथ मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता द्वारा थाना तमनार में थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। महिला ने बताया कि वह अपने मायके ग्राम पाता में थी, जहां 26 जनवरी को एक फेरीवाला चादर बेचने आया था। इसी दौरान गांव का खीरसागर यादव फेरीवाले को रोककर गाली-गलौच करने लगाए जिसे महिला के पिता ने बीच.बचाव कर शांत कराने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर खीरसागर यादव एवं आनंद यादव द्वारा महिला तथा उसके पिता के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। महिला की शिकायत पर थाना तमनार में धारा 333, 296, 351,2, 115,2, 3,5 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों खीरसागर यादव पिता तेजूराम यादव उम्र 31 वर्ष एवं आनंद यादव पिता कृतराम यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पाता को तत्काल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**महापौर के निवास वार्ड 38 में 1 करोड़ 22 लाख की लागत से किया गया है निर्माण**

# निगम के ठेकेदार ने डेढ़ किमी सड़क ऐसी बनाई कि सप्ताह भर में उखाड़कर दोबारा बनाना पड़ रहा

**घटिया इतनी कि गाड़ियां चलने से बजरी साथ में लगती है चलने**





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ऐसी सड़क आपने कभी नहीं देखी होगी जिसे 1 करोड़ 22 लाख की लागत से एक सप्ताह पहले बनाई गई हो और दोबारा फिर से उसे उखाड़ कर बनाने की नौबत आ जाए। इसे हकीकत कर दिखाया है नगर निगम के ठेकेदार बाराद्वार निवासी संजय केड़िया ने। घटिया इतनी की पैदल चलो या फिर गाड़ी से, साथ में बजरी भी चलने लगती है। सड़क के बाहर बजरी बिखरी पड़ी है।

इस घटिया सड़क निर्माण का मामले सामने आने के बाद शहर की राजनीति में एकबारगी उबाल आ गया है। वजह मोहल्लेवासियों के साथ अब कांग्रेस ने भी इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। हालांकि अब निगम के महापौर और अधिकारियों ने ठेकेदार को नोटिस देकर सड़क उखाड़ कर दोबारा बनाने का अल्टीमेटम दे दिया है। खास बात यह है कि इस सड़क का निर्माण करने वाला ठेकेदार कोई मामूली नहीं बल्कि पीडब्ल्यूडी से लेकर अन्य विभागों में अरबों का काम करने और राजनीतिक रसूख रखने वाला है। ऐसे में सड़क ही उखाड़ कर दोबारा बना दे तो बहुत है। यदि ऐसा नहीं भी करेगा तो भी कुछ कार्रवाई की उम्मीद नहीं है।

शहर के जर्जर सड़कों का मरम्मत के लिए दो तरह का ठेका हुआ है। एक ठेका महापौर जीवर्धन चौहान के निवास वार्ड 38 और एक ठेका मरम्मत का। वार्ड 38 में रेलवे कॉलोनी से सोनूमुड़ा बजरंगडीपा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर को जोड़ने वाला है। इसकी लंबाई करीब डेढ़ किमी है। इस बीटी सड़क की निर्माण लागत 1 करोड़ 22 लाख है। एक सप्ताह पहले काम पूरा हुआ था, लेकिन इसी बीच उसमें लगाई गई बजरी उखड़ने लगी। उखड़ कर सड़क के बाहर बिखरने लगी। इससे नगर निगम की काफी किरकिरी हुई। इसके बाद महापौर जीवर्धन चौहान ने संज्ञान लिया और ठेकेदार के साथ निगम के अधिकारियों को भी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में गुणवत्ता को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं होगा।

**मरम्मत का ठेका 50 लाख का है**

नगर निगम का टेंडर हमेशा सुर्खियों में रहता है। कभी एक ही काम को कई टूकड़ों में तो कभी कई काम को एक ही नाम से निकाल दी जाती है। शहर के सड़क जहां जर्जर या उखड़ चुके हैं वह मरम्मत के लिए एक टेंडर हुआ है जिसकी लागत करीब 50 लाख है। जहां- जहां उखड़ा है वहां ठेकेदार द्वारा लेप तो लगाया जा रहा है, लेकिन वह भी सोनूमुड़ा सड़क जैसे ही घटिया है। वहां भी बजरी बिखरी पड़ी है। इस पर भी सवाल उठने लगी है।

## सीएसआर मद से खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित निवेश प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, परियोजना प्रतिवेदन, उत्पादन प्रमाण-पत्र, मंडी शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क छूट तथा मार्जिन मनी अनुदान से संबंधित लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही लैंड बैंक, औद्योगिक भूमि उपलब्धता, निजी भूमि अर्जन एवं शासकीय भूमि हस्तांतरण से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एमओयू निष्पादित इकाइयों तथा स्पंज आयरन एवं पावर प्लांट प्रतिनिधियों से संवाद कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएसआर गतिविधियों, जिला स्तर पर लंबित औद्योगिक स्वीकृतियोंए एमओयूए इन्विटेशन टू इन्वेस्ट तथा अभिस्वीकृति पत्र प्राप्त इकाइयों की स्थापना में आ रही समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सीएसआर मद का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल, अस्पताल, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शासकीय योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। साथ ही सीएसआर कार्यों का समुचित अभिलेख संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गयाए जिस पर उद्योग प्रतिनिधियों ने सहमति व्यक्त की। कलेक्टर ने सभी उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि फ्लाई ऐश डंपिंग पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और अवैध डंपिंग की शिकायत मिलने पर संबंधित उद्योग के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जल जीवन मिशन से केसरचुआ गांव तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

**रायगढ़।** प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प को लगातार साकार कर रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड तमनार के ग्राम केसरचुआ में नल जल योजना के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय रायगढ़ से लगभग 48 किलोमीटर दूर स्थित यह ग्राम आज स्वच्छ पेयजल की स्थायी सुविधा से जुड़ चुका है। ग्राम.केसरचुआ की निवासी श्रीमती कविता प्रधान जल जीवन मिशन की प्रत्यक्ष लाभार्थी हैं। योजना के पूर्व उन्हें एवं ग्रामवासियों को पेयजल के लिए तालाब पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर वर्षा ऋतु में तालाब का पानी अत्यधिक मटमैला हो जाता थाए जिसे छानने और उबालने के बाद ही उपयोग में लाया जाता था। इस प्रक्रिया में समय, श्रम एवं ईंधन की अतिरिक्त खपत होती थी, फिर भी शुद्धता की पूरी गारंटी नहीं रहती थी।

### रात 9 बजे तक कटा टोकन, 12 हजार से अधिक किसान हैं बिक्री के लिए बाकी

# आज खरीदी का आखिरी दिन, एक लाख क्विंटल का कटा है टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**शनिवार की देर शाम तक कुल खरीदी का मिलेगा आंकड़ा**

भारी अव्यवस्था, किसानों की कठिन तप और अधिकारियों की पहरा ने इस बार के धान खरीदी को बीते अन्य सालों से अलग कर दिया है। धान खरीदी कम करने को लेकर किसानों को सरकारी के प्रतिनिधियों ने कई तरह से प्रताड़ित किया। उनके घर में जाकर सत्यापन किया।

हालात यहां तक निर्मित हुए कि जिले के हर दिन कहीं न कहीं किसानों को प्रदर्शन करना पड़ा। इसके बाद भी आज 12 हजार से अधिक किसान धान बिक्री के लिए बाकी है। हालांकि आज खरीदी के आखिरी दिन के लिए करीब एक लाख क्विंटल खरीदी के लिए टोकन कटा है। आखिरी दिन रात 9 बजे तक टोकन काटा गया।

इस साल धान बिक्री में किसानों को जितनी परेशानी हुई है अब तक छग निर्माण के बाद से नहीं हुई थी। सबसे डरावना माहौल तब निर्मित हो गया जब सत्यापन के लिए अधिकारी किसानों के घरों में घुस गए। यह किसानों के लिए पीड़ा से कम नहीं था। अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ था। जो भी हो जैसे तैसे धान खरीदी की आज आखिरी दिन है। आज के बाद अधिकारी राहत की सांस लेंगे। कारण इस बार सबसे ज्यादा परेशान उनको ही होना पड़ा है। नहीं चाहते हुए भी किसानों से सख्ती से पेश आना पड़ा। आज के लिए करीब एक लाख क्विंटल खरीदी का टोकन कटा है। इतनी खरीदी होगी तो बीते साल के आंकड़े को छू सकता है।

**46 लाख 96 हजार 239 क्विंटल खरीदी**

इस बार जिले में धान बिक्री के लिए 85 हजार 241 किसानों का पंजीयन हुआ था। इतने किसानों का 1 लाख 27 हजार 036.237 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत हुआ था। 28 जनवरी तक 98053 हेक्टेयर रकबा का धान खरीदी हो चुकी थी। इसमें 46 लाख 96 हजार 239 क्विंटल खरीदी हुई है। आज करीब एक लाख क्विंटल की खरीदी होगी। इतने का टोकन तो कटा है, लेकिन आज भी यदि सत्यापन और अन्य हथकंडे अपनाए गए तो शायद टोकन कटने के बाद भी खरीदी नहीं हो पाएगी। अब तक 71 हजार 740 किसानों ने धान बिक्री किया है।

**दिन रात अधिकारियों का पहरा**

किसानों के अलावा कोचियों को रोकने अधिकारी दिन रात पहरा दे रहे हैं। रात दिन पहरा देनें कें बाद भी जिले में करीब तीन सौ प्रकरण अवैध धान का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसका मतलब भी साफ है, पहरेदारी के बाद भी कोचियों ने अपना धान खपा ही लिया। कुछ खरीदी केंद्रों में तो बेखौफ अवैध धान खपा है।

### बालिका से छेड़खानी के आरोपी पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़।** पुसौर पुलिस द्वारा बालिका से छेड़खानी के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में 28 जनवरी को पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना पुसौर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि राहुल सिंह नामक युवक आए दिन उसके आने-जाने पर अशोभनीय टिप्पणी करता था। 28 जनवरी की सुबह जब उसके माता-पिता बाजार गए हुए थे और वह घर में खाना बना रही थी तभी आरोपी राहुल सिंह उसके घर का दरवाजा खटखटाकर अंदर घुस आया। किचन से बाहर आने पर आरोपी उसके पिता के बारे में पूछने लगा पीड़िता द्वारा घर में कोई नहीं होने की बात बताने पर आरोपी ने बालिका को अकेला पाकर बेइज्जती करने की नीयत से छेड़खानी शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### सीएम मोहन चरण माझी ने उद्योग जगत के साथ किया सीधा संवाद

**राउरकेला।** एंटरप्राइज ओडिशा 2026 के अंतर्गत ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राउरकेला स्थित मेफेयर हॉकी वर्ल्ड कप विलेज में क्षेत्रीय उद्योग संघों के साथ एक उच्चस्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेशकों का भरोसा मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। इन्वेस्ट ओडिशा पहल के तहत आयोजित इस गोलमेज बैठक में विभिन्न उद्योग संगठनों, एमएसएमई संघों तथा क्षेत्र के प्रमुख उद्यमियों और व्यवसायिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य उद्योग जगत के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर औद्योगिक विकास, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, कौशल विकास और उद्यमियों के लिए नीतिगत सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर विचार.विमर्श करना रहा।

### वाहन मालिकों ने ओवरलोडिंग समस्या को लेकर की सीएम से मुलाकात

**बोनाई।** बोनाई क्षेत्र के स्थानीय वाहन मालिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात कर टेन्सा सेक्टर में लोडिंग कार्य से जुड़ी अपनी लंबे समय से लंबित समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले छह महीनों से टेन्सा सेक्टर में स्थानीय वाहनों को लोडिंग कार्य उपलब्ध कराने का मुद्दा अनसुलझा बना हुआ है। वाहन मालिकों का आरोप है कि बार बार गुहार लगाने के बावजूद बाणई प्रशासन और स्थानीय पुलिस इस समस्या का प्रभावी समाधान करने में विफल रहे हैं। जानकारों के अनुसार कुछ वाहन यूनियनों के चंद मालिकों को ही रोजाना पर्याप्त लोडिंग गीतारानी व पिटी, लौह खदान से मिलती है वहीं आम गाड़ी मालिक एक लोडिंग पर्ची के लिए हफ्तों तक तरसते है। यही चंद नेता व इनके सिण्डिकेट नई गाड़ियां निकाल रहे हैं तो आम गाड़ी मालिक किस्ती देने में असफल।

### स्टील प्लांट के 5 अधिकारियों को जवाहर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**राउरकेला।** राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी के पाँच अधिकारियों को इस वर्ष उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित जवाहर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन अधिकारियों में सजल चंदा, महाप्रबंधक कोक ओवन, सूर्यकांत नायक, महाप्रबंधक एसएमएस, दिलीप कुमार नायक, महाप्रबंधक आरएस एम सरत कुमार सेनापति, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन एचआर समरेंद्र पटनायक महाप्रबंधक बीओएम ओजीओएम सीएमएलओ शामिल है। इन अधिकारियों को उत्पादन, उत्पादकता, अनुरक्षण मेंटेनेंस, सेवाओं, गुणवत्ता सुधार, लागत में कमी तथा सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा ने इस्पात स्टेडियम में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विजेताओं को यह पुरस्कार प्रदान किया।

### राउरकेला में इंडिया वन एयर विमान दुर्घटना पर मुख्यमंत्री का बयान

**राउरकेला।** कल हुई एक दुखद विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। हालांकिए आशंका जताई जा रही है कि घने कोहरे के कारण खराब दृश्यता इस हादसे की एक वजह हो सकती है। ओडिशा के मुख्यमंत्री ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। राउरकेला में 10 जनवरी को हुई इंडिया वन एयर विमान दुर्घटना को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उस घटना पर भी अपने विचार साझा किए थे। पायलट की सूझबूझ और समय पर लिए गए निर्णय के कारण विमान की सुरक्षित आपात लैंडिंग कराई जा सकी थी जिससे उस समय कोई जनहानि नहीं हुई।

### पश्चिम ओडिशा राज्य के विकास का मुख्य इंजनः सीएम

**राउरकेला।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राउरकेला में एंटरप्राइज ओडिशा 2026 के 25वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी ओडिशा अब विकास की अगली सीमा नहीं है, बल्कि यह ओडिशा के विकास का एक मुख्य इंजन है। मुख्यमंत्री ने एंटरप्राइज ओडिशा 2026 के सिल्वर जुबली संस्करण का उद्घाटन किया और पश्चिमी ओडिशा में कई औद्योगिक परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर 8,884 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, जिससे 6,832 रोज़गार पैदा हुए। 52,026 करोड़ के डव-और निवेश इरादे हासिल किए गए, जिससे 20,427 रोज़गार की संभावना है। यह क्षेत्र की औद्योगिक गति को एक बड़ा बढ़ावा देगा। इस कार्यक्रम में उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री संपद चंद्र स्वैनय विधायक, रघुनाथपल्ली, दुर्गा चरण तांतीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग, गृह और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हेमंत शर्मा चेयरपर्सन, ब्प्य प्रतिष्ठित उद्योगपति और निवेशकय भारतीय उद्योग परिसंघ के प्रतिनिधिय नीति निर्माताय डैडम-उद्यमीय स्टार्टअप संस्थापकय महिला उद्यमीय और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

### राउरकेला नगर निगम में मस्टर रोल जालसाजी मामला

**राउरकेला।** विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, सुंदरगढ़ ने सीटीआर ऑफ 2003-16 में, जो संबलपुर सतर्कता थाना 21 जून 2002 से उत्पन्न हुआ है, दोषसिद्धि का फैसला सुनाया। आरोपी रमनाथ दास 75, पिता स्वर्गीय गिरिश चंद्र दास, वर्तमान निवासी 887-पी, मिलेनियम कॉलोनी, बरामुंडा, थाना-खंडगिरी, जिला-खोरदा, पूर्व मल्टी-पर्पज हेल्थ सुपरवाइजर, राउरकेला नगर निगम (अब सेवानिवृत्त), को धारा 477-ए आईपीसी के अंतर्गत दोषी ठहराया गया। उन्होंने राउरकेला नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत एनएमआर/मुलिया मजदूरों की मस्टर रोल 1999-2001 में जालसाजी की थी।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ने ऐतिहासिक बाजार की छीन ली रौनक

# 100 साल पुराना नारायणपुर साप्ताहिक बाजार बदहाल, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की पहचान माने जाने वाले नारायणपुर के साप्ताहिक बाजार की हालत आज किसी से छुपी नहीं है। एक समय जिले भर में मशहूर रहा यह बाजार आज अव्यवस्था, टूट-फूट और उपेक्षा का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। मंगलवार को लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार ब्रिटिश शासन काल से लगातार लग रहा है, यानी इसे अस्तित्व में आए 100 वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है।

नारायणपुर का यह साप्ताहिक बाजार केवल व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों की आर्थिक जीवनरेखा रहा है। यहां दूर-दराज के ग्रामीण अपनी उपज और जरूरत का सामान खरीदने-बेचने आते थे। लेकिन आज यही बाजार टूटे शेड, उखड़े फर्श और अव्यवस्थित ढांचे के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है।



### 10–15 साल पुराने बाजार चमक रहे, 100 साल पुराना उपेक्षित

ग्रामीणों की नाराजगी इसलिए भी बढ़ती जा रही है क्योंकि नारायणपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित बनकोम्बो, हर्राडांड़ और कलीबा जैसे क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजारों की शुरुआत महज 10–15 वर्ष पूर्व हुई है। इन स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और विकास के प्रति गंभीरता के चलते आकर्षक और आधुनिक शेडों का निर्माण हो चुका है, जिससे बाजारों की सुंदरता और सुविधा दोनों बढ़ी हैं। वहीं दूसरी ओर, 100 वर्षों से लग रहा नारायणपुर का ऐतिहासिक बाजार आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

### ग्रामीणों का आरोप – स्वार्थ के लिए राजनीति, विकास से दूरी

ग्रामीणों का कहना है कियह स्थिति साफ दर्शाती है कि जनप्रतिनिधि जनता और क्षेत्र के विकास के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं।यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह ऐतिहासिक बाजार पूरी तरह समाप्ति की ओर बढ़ सकता है।

### टूटे शेड, उखड़ा फर्श, बरसात में तिरपाल के सहारे व्यापार

बाजार परिसर में व्यापारियों के लिए बनाए गए शेड पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। कई स्थानों पर छतें टूट चुकी हैं और फर्श जगह-जगह से उखड़ गया है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब व्यापारी तिरपाल लगाकर किसी तरह अपना सामान बचाते हुए व्यापार करने को मजबूर होते हैं। इससे न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

### नीलामी से लाखों की आय फिर भी विकास शून्य

ग्रामीणों का कहना है कि नारायणपुर साप्ताहिक बाजार की प्रतिवर्ष नीलामी होती है, जिसकी बोली एक से डेढ़ लाख रुपये के बीच जाती है। यदि पंचायत चाहे तो इसी राशि से बाजार की मरम्मत और नए शेड का निर्माण आसानी से कराया जा सकता है। लेकिन पंचायत और जनप्रतिनिधियों की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## घर के बाहर टहल रहा था युवक भालू ने अचानक किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर जिले के बगीचा क्षेत्र के ग्राम देवडॉण्ड में देर रात एक युवक पर जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। घर के सामने टहल रहे युवक को भालू ने बुरी तरह नोच डाला। भालू के हमले से युवक बेहोश हो गया भालू ने मृत साख युवक को छोड़ चलते बना, होश आते ही खून से लथपथ हालत में युवक किसी तरह घर पहुंचा, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर अवस्था में अम्बिकापुर रेफर किया गया है, जहां उपचार जारी है।

### जंगल की ओर लौटा भालू

जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र यादव उम्र 23 वर्ष पिता नंदकुमार यादव सोमवार रात करीब 10 बजे घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान अंधेरे में अचानक जंगली भालू सामने आ गया और युवक पर झपट पड़ा। अचानक हुए हमले से युवक संभल नहीं सका और जमीन पर गिर पड़ा। भालू के हमले से उसके शरीर पर कई जगह गहरे जख्म आए और अधिक रक्तस्राव होने से वह बेहोश हो गया। बताया जा रहा है कि हमले के बाद भालू कुछ देर तक युवक के पास मंडराता रहा। युवक के निष्क्रिय पड़े रहने पर भालू जंगल की ओर लौट गया। थोड़ी देर बाद होश आने पर घायल युवक किसी तरह घर पहुंचा। उसकी हालत देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### डॉक्टरों ने किया रेफर

परिजनों ने बिना देर किए उसे बगीचा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अम्बिकापुर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में अरुणधर ने फहराया तिरंगा



**रायगढ़।** 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को नमन किया। इस दौरान भाजपा परिवार के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। सभी ने इस राष्ट्रीय पर्व पर संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र की एकता अखंडता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## हवाई दुर्घटना ने छीन लिया जनसेवा का उज्ज्वल सितारा : डॉ यादव

**राउरकेला।** महाराष्ट्र की राजनीति और पूरे देश के लिए एक गहरा सदमा आया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार का बारामती एयरपोर्ट के नजदीक एक भीषण विमान दुर्घटना में निधन हो गया।

वे मुंबई से जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 8:10 बजे 45 विमान मुंबई से उड़ा। बारामती में लैंडिंग के दौरान घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण विमान नियंत्रण खो बैठा। दूसरी कोशिश में रनवे के पास क्रैश हो गया1 वे कहते थेः राजनीति सेवा के लिए होनी चाहिए, सत्ता के उपभोग के लिए नहीं। हर कार्यकर्ता के साथ खड़े रहने वाली उनकी सादगी और ईमानदारी लाखों के दिलों में बसी है। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, ओडिशा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा आज हमने केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक ईमानदार, संघर्षशील और जनसेवा को धर्म मानने वाले सच्चे सिपाही को खो दिया। अजित पवार गरीबों, किसानों, युवाओं और समाज के हर वर्ग के प्रिय थे। यह क्षति पूरे देश की है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती।

### यीएम ने की एयरपोर्ट और स्टील प्लांट विस्तार की घोषणा

**राउरकेला।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घोषणा की है कि आने वाले समय में राउरकेला में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास होने जा रहा है। इसके तहत राउरकेला एयरपोर्ट और राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी दोनों के विस्तार की योजना बनाई गई है। सभा और प्रेस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राउरकेला एयरपोर्ट के विस्तार से क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे यात्रा अधिक सुगम होगीए निवेश आकर्षित होगा तथा औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बेहतर विमानन सुविधाएं न केवल व्यापार और उद्योग जगत के लिए लाभकारी होंगी, बल्कि पर्यटकों, पेशेवरों और स्थानीय निवासियों के लिए भी राउरकेला को अधिक सुलभ बनाएंगी। एयरपोर्ट के साथ साथ मुख्यमंत्री ने यह भी पुष्टि की कि ओडिशा की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में से एक राउरकेला स्टील प्लांट का भी विस्तार किया जाएगा।

## पुसौर क्षेत्र में तिरंगे की शान में एकजुट हुए लोग



**पुसौर।** पुसौर तहसील अंतर्गत मुख्यालय नगर पंचायत कार्यालय , जनपद कार्यालय, तहसील, कृषि कार्यालय, सेवा सहकारी समिति, पशुपालन कार्यालय, हास्पीटल, शासकीय अशासकीय स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रों, केलो परियोजना कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय, आईटीआई सहित निजी रूप से हरित सेवा समिति प्रमुख सीताराम चौहान आदि लोगों द्वारा जहां तिरंगा झंडा फहराया वहीं क्षेत्र के 89 पंचायतों एवं वहां स्थापित शासकीय कार्यालयों में भी बडे ही उल्लासमय वातावरण में गणपर्व को संपन्न किये जाने का तथ्य प्रकाष में आया है। इस बिच कहीं झंडे को उल्टा फहराने, झंडा फहराने को लेकर प्रोटोकाल काल को ओवरटेक करने आदि का कहीं कोई विवाद सामने नहीं आया। नगर पंचायत कार्यालय ग्राउंड में गणपर्व को मनाये जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक और प्रेरणादायक रहा। जिसमें खासकर नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेष साव और सीएमओ ललित साहु का सलामी प्रदर्शन उम्दा रहा।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आया स्कूटी सवार, युवक की मौत

**सुंदरगढ़।** तलसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिशंकरा ब्लॉक कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की जान चली गई। पीछे से तेज गति में आ रहे माल से लदे ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद युवक को सड़क पर घसीटते हुए ले गया। अंततः ट्रक के पहिए के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश किंडो 38 के रूप में हुई हैए जो बालिशंकरा ब्लॉक के बाबुडिही मिंजपड़ा का निवासी था। जानकारी के अनुसारए राजेश अपनी स्कूटी ऑडी 16 पी 3222 से जा रहा थाए तभी पीछे से आ रहे ट्रक आर जे 02 जी सी 5285 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेश का शरीर कंधे के पास से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि संबंधित ट्रक सुंदरगढ़ से होकर राजस्थान की ओर जा रहा था।




## पुलिस कार्यालय से बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता रथ रवाना




**राउरकेला।** भले ही बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण कई स्थानों पर यह समस्या अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इसी परिप्रेक्ष्य मेंए जीता संस्था के आयोजन तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन्स एलायंस के सहयोग से आज राउरकेला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से श्बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से एक जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ राउरकेला शहर का भ्रमण करेगा तथा विभिन्न ब्लॉक कार्यालयों के साथ साथ लहुणीपाड़ा ब्लॉक के 50 गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा।

## राजगांगपुर पुलिस के शिविर में 85 यूनिट रक्त संग्रह



**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर के आह्वान पर राजगांगपुर थाना पुलिस ने 28 जनवरी को बीजू पटनायक कल्याण मंडल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस पुनीत अभियान में कुल 85 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। थाना प्रभारी विजय कुमार दास के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सुंदरगढ़ जिला मुख्यालय स्थित रक्त भंडार की विशेषज्ञ टीम ने रक्त संग्रह की जिम्मेदारी संभाली। रक्तदान को जीवनदान महादान बताते हुए बुद्धिजीवी वर्ग एवं स्थानीय नागरिकों ने इस नेक पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

## आबकारी दफ्तर बना दो पहिया गाड़ियों का कबाड़खाना



**राउरकेला।** अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई के दौरान जब्त की गई गाड़ियां उदित नगर स्तिथ राउरकेला आबकारी विभाग के कार्यालय परिसर में धीरे धीरे कबाड़ में तब्दील होती जा रही हैं। ये सभी वाहन अवैध शराब के साथ पकड़े गए थे, लेकिन न तो वाहन मालिक इन्हें न्यायालय से छुड़ा पा रहे हैं और न ही आबकारी विभाग द्वारा इनकी नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्थिति यह है कि वर्षों से लंबित मामलों के चलते सैकड़ों वाहन खास कर दोपहिया वाहन आबकारी कार्यालय परिसर में जमा हो चुके हैं और अब अबकारी दफ्तर में वाहनों को रखने के लिए जगह नहीं है। दफ्तर के आगे ही नहीं चारो वाहनों का रखा गया है। जगह नहीं होने से अब वाहनों के उपर वाहन रखे जा रहे हैं।

## सोलर टनल ड्रायर की स्थापना, जिले में दिया जा रहा नवाचार को बढ़ावा

# महुआ से बनाई जा रही विभिन्न खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पहले से ही महुआ फूल के मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में गिना जाता है। यहां महुआ आधारित विभिन्न खाद्य उत्पादों पर कार्य हो रहा है, जिनमें महुआ नेक्टर, महुआ चवन्यप्राश, महुआ लड्डू, कुकीज़ एवं अन्य पारंपरिक खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इसके बावजूद, पूरी मूल्य श्रृंखला में खाद्य-ग्रेड महुआ संग्रह और सुरक्षित निर्जलीकरण एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है।


- वनौषधियों के प्रसंस्करण को मिला वैज्ञानिक आधार

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत एक परियोजना जिले में क्रियान्वित की जा रही है। यह परियोजना द्वारा वैज्ञानिक डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी को प्रदान की गई है, जिसे वे जशपुर जिले में स्थानीय सहभागिता के साथ लागू कर रहे हैं। परियोजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान, कुंडली के वैज्ञानिक डा. प्रसन्ना कुमार जीवी द्वारा जिले में सोलर टनल ड्रायर की स्थापना की गई है। इस कार्य में स्थानीय स्तर पर जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का सहयोग रहा है। इस विषय पर फूड प्रोसेसिंग कंसल्टेंट एवं युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया, "जशपुर में महुआ का मूल्य संवर्धन भले ही आगे बढ़ चुका हो, लेकिन ताज़े महुआ फूलों को खाद्य-ग्रेड मानकों के अनुसार सुखाना अभी भी एक निर्णायक चुनौती है। पारंपरिक खुले में सुखाने की प्रक्रिया में धूल, नमी और कीटों के कारण गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे खाद्य उपयोग और बाज़ार की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं।" उन्होंने कहा कि इन्हीं व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए इस परियोजना के तहत वैज्ञानिक और नियंत्रित निर्जलीकरण प्रणाली की आवश्यकता महसूस की गई, जिससे महुआ को सुरक्षित रूप से खाद्य उपयोग और बाज़ार से जोड़ा जा सके। स्थापित सोलर टनल ड्रायर के माध्यम से महुआ फूलों को नियंत्रित तापमान में तेज़, समान और स्वच्छ तरीके से सुखाया जा सकता है। इससे महुआ की गुणवत्ता, रंग, सुगंध और पोषण तत्व सुरक्षित रहते हैं तथा दीर्घकालीन भंडारण संभव होता है।




## पश्चिमी ओडिशा बना विकास का इंजन, 22 एमओयू पर हस्ताक्षर

**राउरकेला।** ओडिशा के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राउरकेला में आयोजित एंटरप्राइज ओडिशा 2026 के माध्यम से 52,026 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्ताव हासिल किए। यह आयोजन न केवल निवेश आकर्षण के लिहाज से ऐतिहासिक रहा, बल्कि झारखंड और छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा के औद्योगिक एवं आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक अहम कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान 22 समझौता ज्ञापनों एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने 8,800 करोड़ रुपए के निवेश से जुड़ी 20 औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें 5,708 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 3,176 करोड़ रुपये की 9 नई परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। रायपुर रांची राउरकेला कॉरिडोर पर मंथन मुख्यमंत्री माझी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों के साथ रायपुर रांची राउरकेला कॉरिडोर पर विस्तृत चर्चा की। इस प्रस्तावित अंतरराज्यीय कॉरिडोर से उद्योग, लॉजिस्टिक्स और निवेश संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे पूरे पूर्वी और मध्य भारत में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।



# पांचवें दिन 200 करोड़ रुपए पार हुई बॉर्डर-2

**मुंबई।** 23 जनवरी को फिल्म 'बॉर्डर 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी। तब से ही फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। छह दिनों में ही फिल्म का कलेक्शन 200 करोड़ के पार हो गया है। कमाई के मामले में पहले दिन से यह फिल्म 'धुरंधर' का रिकॉर्ड तोड़ रही है। सनी देओल और वरुण धवन की मल्टीस्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार पांचवें दिन इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, निर्माता ने बॉर्डर-3 बनाने की घोषणा की है।

लाइफ Style



# रानी
## मां को पिता पर आवाज उठानी चाहिए

रानी मुखर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रानी मुखर्जी कहती हैं कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब आदित्य से ये मत पूछिएगा कि उनके साथ घर में क्या होता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


रानी मुखर्जी ने हाल ही में एक बयान दिया है। इस बयान की वजह से कुछ लोग सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी को टारगेट कर रहे हैं। रानी मुखर्जी बता रही थीं कि कैसे लड़कों का व्यवहार इस चीज पर निर्भर करता है कि उनके घरों में उनके पिता उनकी मां के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। इस बारे में बात करते हुए रानी मुखर्जी ने कहा कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। रानी मुखर्जी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो पर रानी मुखर्जी को लोग टारगेट भी कर रहे हैं। एक बातचीत में रानी मुखर्जी ने कहा, 'मुझे लगता है सम्मान घर से शुरू होता है। बहुत आसानी से, जब आप अपने घर पर अपनी मां के साथ बुरा व्यवहार होते देखते हैं, तो लड़के ये सोचने लगते हैं कि अगर मेरी मां के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है तो हर लड़की को इस तरह से ट्रीट किया जा सकता है। मुझे लगता है कि पिता को जिम्मेदार होना चाहिए कि वो अपनी पत्नी को कैसे ट्रीट करते हैं, क्योंकि लड़के वही देखते हुए बड़े होते हैं। अगर आपकी मां को अच्छी तरह ट्रीट किया जाएगा, अगर उन्हें सम्मान मिलता है, लड़कों को समझ आएगा कि लड़कियों का सम्मान करना चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# अर्नोल्ड वोस्लू का साउथ में डेब्यू...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा जल्द ही फैंस को एक नया तोहफा देने वाले हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'रणबाली' है, जिसमें वे रश्मिका मंदाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। टीजर में विजय देवरकोंडा बड़े पावरफुल और इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में एक्शन, इमोशंस और पीरियड ड्रामा का शानदार कॉम्बिनेशन होगा। सबसे खास बात यह है कि हॉलीवुड की मशहूर फिल्म द ममी के विलन अर्नोल्ड वोस्लू इस फिल्म से साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं।



# 67 साल पुरानी वो फिल्म, जिसने जीते सबसे ज्यादा ऑस्कर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'बेन-हर' 18 नवंबर, 1959 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें चार्लटन हेस्टन, स्टीफन बॉयड, जैक हॉकिन्स, हाया हरारीत और ह्यू ग्रिफिथ लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म ल्यू वालेस का नॉवेल 'बेन-हरः ए टेल ऑफ द क्राइस्ट'पर आधारित है। फिल्म का बजट $15.2 मिलियन ( लगभह 126 करोड़) था और बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई $146.9 मिलियन (लगभग 1,220 करोड़) हुई। कमाल की बात ये उस दौर में इस फिल्म का ये रिकॉर्ड कोई फिल्म ने तोड़ पाई थी, लेकिन 38 साल बाद यानी 1997 में 'टाइटैनिक'ने 11 ऑस्कर जीतकर 'बेन-हर'का ये रिकॉर्ड तोड़ा था। फिल्म की कहानी यहूदी राजकुमार जुदाह बेन-हर के ईद-गिर्द घूमती है, जिसे उसका रोमी दोस्त मेस्साला धोखे से गुलाम बना देता है। कई सालों की यातनाओं के बाद वो आजाद होता है और न्याय और बदले की तलाश में लौटता है। कहानी विश्वास, मोक्ष, बदला और क्षमा जैसे गहरे विषयों को दिखाती है।



# द केरल स्टोरी-2 का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह साल 2023 में फिल्म 'द केरल स्टोरी' लेकर आए थे। अब वे इसका सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड! लेकर आ रहे हैं। फिल्म का मोशन पोस्टर बुधवार को रिलीज किया गया है। सीक्वल में एक और खौफनाक कहानी दर्शक देख पाएंगे। यह फिल्म इसी साल फरवरी में रिलीज होगी। फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' का मोशन पोस्टर सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे देखकर लग रहा है कि सीक्वल में एक बार फिर दर्शक किसी दिल दहला देने वाली कहानी से रूबरू होंगे। इस फिल्म का टीजर 30 जनवरी को जारी किया जाएगा। फिलहाल, आज रिलीज हुए मोशन पोस्टर में कुछ युवतियों के चेहरे दिखाए हैं। दहशत और खौफ उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है।



# धुरंधर ने तोड़े हिंदी सिनेमा के रिकार्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। यह भारत में 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। आठवें हफ्ते में भी शानदार कमाई करते हुए फिल्म ने केजीएफ चैप्टर 2 को पीछे छोड़ दिया। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने न सिर्फ हिंदी सिनेमा के रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि साउथ फिल्मों के दबदबे को भी चुनौती दी। धुरंधर की रफ्तार अभी थमती नजर नहीं आ रही। धुरंधर अब 1000 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली तीसरी फिल्म बन गई है। लेकिन, बॉलीवुड (हिंदी) की पहली फिल्म। अन्य दो फिल्मों में साउथ की पुष्पा 2 और बहुबली 2 है। आठवें हफ्ते में भी फिल्म की कमाई थमने का नाम नहीं ले रही। आठवें वीकेंड पर धुरंधर ने भारत में करीब 2.9 करोड़ रुपए नेट कमाए।

## टीवी मसाला



# पोपटलाल से शादी के लिए होने वाली दुल्हन ने रखी शर्त

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कई साल से पत्रकार पोपटलाल की शादी का इंतजार किया जा रहा है। कई बार ऐसा संयोग बना कि पोपटलाल की शादी होगी, पर कोई न कोई अड़चन आ गई। अब एक बार फिर पोपटलाल की शादी का संयोग बना है और पूरी टीम जयपुर में हैं। यहां पतंग महोत्सव चल रहा है और इसके तार पोपटलाल की शादी से जुड़े हुए हैं। इस पतंग महोत्सव में पोपटलाल की शादी का क्या ट्विस्ट, इसकी झलक मेकर्स ने प्रोमो में दिखाई है। दरअसल, पत्रकार पोपटलाल को शादी के लिए दुल्हन मिल चुकी है, और उसका नाम बबली है, पर उसने शादी के लिए एक शर्त रखी है और उसी शर्त में पोपटलाल की किस्मत बंधी है। पोपटलाल ने भी शर्त स्वीकार कर ली है और कहा है कि वह बबली को मिसेज पोपटलाल बनाकर गोकुलधाम सोसाइटी लेकर जाएंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को जो प्रोमो आया है, उसमें पतंग महोत्सव का माहौल दिखाया गया है। बताया जाता है, 'आज ये नीला आसमान गवाह बनेगा एक ऐतिहासिक युद्ध का। बबली कुमारी ने चैलेंज किया है कि जो भी उनकी पतंग काटेगा, उससे वो शादी करेगी। पोपटलाल इस शर्त को मानने के लिए तैयार हो जाते हैं। वह बबली की पतंग काटने का चैलेंज स्वीकार कर लेते हैं। उन्हें खुद पर इतना विश्वास है कि पतंग वही काटेंगे और इसलिए शेरवानी पहनकर दूल्हा बनकर पतंग महोत्सव में पहुंच जाते हैं।' वैसे हाल ही के एपिसोड में पोपटलाल, बबली के पास जाकर इस बारे में बात करते दिखे थे।

## द 50 के पहले ही दिन एलिमिनेट हुआ एक सदस्य

**नई दिल्ली।** रियलिटी शोज 'द 50' रविवार, 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर शुरू होने जा रहा है। लेकिन, इसकी शूटिंग 26 जनवरी से ही शुरू हो गई है। और कंटेस्टेंट्स ने पहला टास्क भी कर लिया है और



उसमें से एक सदस्य एलिमिनेट भी हो चुका है। साथ ही शो में 10 कैप्टन भी बनाए गए हैं और टीमों को पांच ग्रुप्स में बांट दिया गया है। द 50 की शूटिंग दुबई में नहीं, बल्कि मुंबई के मलाड-मालवानी में बने सेट पर हो रही है। जिस आलीशान महल में सभी 50 कंटेस्टेंट्स रहेंगे, उसकी झलक तो पहले ही दिखाई गई थी। साथ ही हर एक कोने के बारे में भी बताया गया था कि वहां पर किसे फायदा और किसे नुकसान होगा। कहां पर टास्क होगा और कहां पर शांति और सुकून का अनुभव किया जा सकेगा। इस शो के बारे में 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि इसमें पहले गेस्ट के रूप में एक दिन के लिए हिमेश रेशमिया आए हैं। साथ ही 10 कैप्टन्स का भी चुनाव किया जा चुका है, जिनके नाम राजकुमार नरूला, राजत दलाल, निक्की तंबोली, फैजु, करण पटेल, उर्वशी ढोलकिया, मोनालिसा, रचित, श्रुतिका अर्जुन और कृष्णा श्रॉफ हैं।

# 10 भाषाओं में गाए 715 गाने अरिजीत ने दो बार की शादी

**मुंबई।** देशभर में 27 जनवरी की रात चारों तरफ हलचल तब मच गई, जब अरिजीत सिंह ने प्लेबैक



सिंगिंग से संन्यास लेने का ऐलान किया। उनके इस फैसले ने सबको चौंका दिया। उनके फैंस को गहरा धक्का भी लगा। हालांकि, वह फिल्ममेकिंग करेंगे। वब अब अपना कॅरियर डायरेक्शन और प्रोडक्शन की फील्ड में बनाना चाहते हैं। वह एक मूवी भी बना रहे हैं, जिसमें अपने बेटे और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा को लीड रोल में कास्ट कर रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच उनकी निजी जिंदगी के बारे में सर्च किया जा रहा है। उनके बीवी-बच्चों और नेट वर्थ के बारे में लोग गूगल कर रहे हैं। अरिजीत सिंह ने शाहरुख खान, सलमान खान, वरुण धवन, रणबीर कपूर और कार्तिक आर्यन जैसे तमाम बड़े नामों को अपनी आवाज दी है और अपने पूरे करियर में अब तक 122 अवॉड्र्स जीते हैं, जिसमें से दो नेशनल अवॉड्र्स शामिल हैं। इन्होंने हिंदी, बंगाली, तेलुगू, तमिल, मराठी, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, असमिया, पंजाबी में बतौर प्लेबैक सिंगर करीब 715 गाने गाए हैं और हिंदी-बंगली में 28 गाने कम्पोज किए हैं। अरिजीत सिंह ने दो शादियां कीं। पहली शादी 2013 में 'फेम गुरुकुल' की कंटेस्टेंट रूपरेखा बनर्जी से की थी। लेकिन सालभर के अंदर ही तलाक हो गया था। इसके बाद उन्होंने 2014 में कोयल रॉय से तारापीठ मंदिर में शादी की थी। वह उनके बचपन की दोस्त और पड़ोसी थीं। साथ ही तलाकशुदा थीं और उनकी पहली शादी से एक बेटी भी थी।



# प्लेन क्रैश में बॉलीवुड की इन 3 हस्तियों की गई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार की बारामती में प्लेन क्रैश में मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया है। 66 वर्षीय अजित पवार मुंबई से बारामती जा रहे थे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब विमान हादसे में किसी हस्ती की मौत हुई। दरअसल, यह हादसा पुराने जख्मों को कुरेदता है। इससे पहले भी कई सितारे विमान हादसे में जान गंवा चुके हैं।



### सौंदर्या शर्मा

प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों की लिस्ट में पहला नाम 'सूर्यवंशम' फेम एक्ट्रेस सौंदर्या का है। 32 वर्षीय सौंदर्या 17 अप्रैल 2004 को बेंगलुरु के जक्कुर एयरफील्ड से करीमनगर जा रही थीं। विमान टेकऑफ के कुछ मिनट बाद क्रैश हो गया और आग लग गई। जानकारी के अनुसार, उस समय सौंदर्या 7 महीने की प्रेग्नेंट थीं। उनके साथ भाई अमरनाथ, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कदम और पायलट जॉय फिलिप्स भी थे। सभी की मौत हो गई थी।

### ओमकार

सुपरहिट फिल्म 'नदिया के पार' में चंदर (सचिन) के बड़े भाई की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुए एक्टर ओमकार की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई। वह पत्नी और बच्चों के साथ लंदन जा रहे थे।

### तरुणी सचदेव

चाइल्ड एक्ट्रेस तरुणी सचदेव, जिन्हें 'रसना गर्ल' और फिल्म 'पा' में अमिताभ बच्चन के साथ काम कर खूब लोकप्रियता मिली। उनकी मौत 14 मई 2012 को नेपाल के जोमसोम एयरपोर्ट के पास हुई। 14 वर्षीय तरुणी अपनी 14वें जन्मदिन पर मां के साथ विमान में थीं। विमान क्रैश में उनकी मां का भी निधन हो गया था।

## मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला नामांकन

# बाफ्टा 2026 की नॉमिनेशन लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा

*नई दिल्ली। बाफ्ट' यानी ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने इस साल के नॉमिनेशन की घोषणा कर दी है। इन नामांकनों में माइकल बी जॉर्डन की फिल्म 'सिनर्स' और लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सबसे अधिक नामांकन मिले हैं। जबकि टिमोथी चालमेट की 'मार्टी सुप्रीम' दूसरे स्थान पर रही है। यही नहीं, बाफ्टा की नॉमिनेशन लिस्ट में भारत की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को भी सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में नामांकन मिला है। इस बार सबसे ज्यादा 14 नॉमिनेशन लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर।*

### वन बैटल आफ्टर अनदर को मिले 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा नॉमिनेशन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने 14 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। ये 'गांधी' के रिकॉर्ड (16 नॉमिनेशन) से सिर्फ दो कम हैं। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'एटोनमेंट', 'द किंग्स स्पीच' और 'क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन' के बराबर हैं।

### सिनर्स को 13 और मार्टी सुप्रीम को 11 नॉमिनेशन

इसके अलावा रायन कूगलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिनर्स' को 13 नामांकन मिले हैं। जिससे निर्देशक और अभिनेता माइकल बी जॉर्डन को पहली बार बाफ्टा में नामांकित होने का मौका मिला है। वहीं 'हैमनेट' और 'मार्टी सुप्रीम' दोनों को 11-11 नामांकन मिले। इसके साथ ही टिमोथी चालमेट लगातार दूसरे साल बाफ्टा के बेस्ट एक्टर की रेस में शामिल हो गए हैं।



### 22 फरवरी को होंगे बाफ्टा

बाफ्टा 2026 अवॉड्र्स का आयोजन 22 फरवरी को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा। इन अवॉड्र्स की होस्टिंग एलन कमिंग करेंगे। फिल्म और टेलीविजन के इन अवॉड्र्स की गिनती प्रमुख अवॉड्र्स समारोहों में होती है।

### स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल में मिला पहला नामांकन

निर्देशक क्लोई झाओ की फिल्म 'हैमनेट' के साथ अब तक किसी महिला निर्देशक द्वारा सबसे अधिक बाफ्टा नामांकन प्राप्त करने वाली फिल्म बन गई है। 'सेंटिमेंटल वैल्यू' के लिए स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल की उम्र में अपना पहला बाफ्टा नामांकन मिला है।

### *बूंग को भी मिला नॉमिनेशन*

*इस बार के बाफ्टा में भारत की मणिपुरी फिल्म बूंग को भी नॉमिनेशन मिला है। 'बूंग'को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा किया गया है। जबकि फिल्म का सह-निर्माण फरहान अख्तर द्वारा भी किया गया है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट्री में सेक्शन में फिल्म 'द परफेक्ट नेबर' को भी नॉमिनेशन मिला है। हालांकि, यह एक अमेरिकन डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। लेकिन, फिल्म की निर्देशक गीता गंडभीर का भारत से भी संबंध है। अमेरिका के बोस्टन में पली-बढ़ी गीता के पिता साल 1960 में पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए थे।*

## खबर संक्षेप

### सुर्री क्रिकेट मैच का विजेता रही केनसरा टीम

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम सुर्री में युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने एवं आपसी समरसता बनाए रखने के मद्देनजर प्रतिवर्ष क्रिकेट मैच का आयोजन होता रहा है। इसी कडी में बीते 15 दिनों से यह मैच जारी रहा जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों क्रिकेट टीमों ने अपने खेल प्रतिभा को अवगत कराने का अवसर मिला। अंतिम मैच केनसरा और पटेलपाली के मध्य हुआ जिसमें अंतिम गेंद में ही हार जीत का फैसला हुआ जिसे लेकर उपस्थित दर्शक दीर्घा में एक अनिर्वचनिय आनन्द और उल्लास ऐसा रहा कि आगे क्या होगा-आगे क्या होगा। इस कार्यक्रम को मुर्तरूप देने में सरपंच मीनाक्षी टेकलाल नायक तथा पूर्व उप सरपंच खीरसागर नायक का महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होंने प्रथम नगद पुरस्कार 25 हजार केनसरा टीम को प्रदाय किया । वहीं द्वितीय पुरस्कार सुर्री क्रिकेट समिति द्वारा 12 हजार 500 पटेल पाली टीम को दिया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, लक्ष्मी जीवन पटेल, भाग्यवती डोलनारायण पटेल, भाजपा महामंत्री कमलधर पटेल, मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण जन एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### जिला सलाहकार नई समिति की हुई पहली बैठक

**सारंगढ़।** बेटी बचाओ अभियान और समान लिंगानुपात को सुचारु संचालन तथा बालिका भ्रूण का क्लिनिक और हॉस्पिटल में किए जाने वाले गर्भपात एबॉर्शन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में बुधवार को गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक पीसीपीएनडीटी की नए जिला सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। गर्भ में पल रहे शिशु के अवैध लिंग परीक्षण करना अपराध है। इस बैठक में सभी नए सदस्यों को शामिल किया गया और उन्हें गर्भ में पल रहे शिशु के अवैध लिंग परीक्षण करने वाले नर्सिंग होम और हॉस्पिटल की शिकायत और जांच में अवैध लिंग परीक्षण करते पाए जाने पर उनकी वैधता समाप्त करने की कार्रवाई कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सलाहकार समिति के माध्यम से करने की जानकारी दी गई।

### दुर्गा ने लखनऊ में किया छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**सारंगढ़।** कहते हैं कि सीमित संसाधन प्रतिभा की राह नहीं रोक सकते इस कथन को सार्थक किया है कोवाताल गाँव के रहने वाले दुर्गा प्रसाद तिवारी ने।



बचपन में बिजली की कमी और संसाधनों के अभाव के बावजूद शतरंज के प्रति उनके जुनून ने उन्हें आज राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिलाया है। दुर्गा तिवारी हाल ही में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय विद्युत मंडल कर्मचारी डिपार्टमेंटल शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिभागी बने। ग्रामीण परिवेश से निकलकर इस उपलब्धि तक पहुँचना उनके लिए ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों और गाँवों के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। दुर्गा तिवारी ने बताया कि बचपन में कौवाताल गाँव में बिजली की भारी समस्या रहती थी। ऐसे में वे अक्सर अपने दादाजी और गाँव के बुजुर्गों की 'आंठ' बैठक में बैठकर शतरंज खेलते लोगों को देखते थे। दरी पर बिछी शतरंज की बिसात और बुजुर्गों की चालों को देखकर ही उन्होंने खेल की बारीकियाँ सीखीं। कई बार लालटेन की मद्धम रोशनी में दोस्तों और परिवार के साथ घंटों शतरंज खेला करते थे। आज दुर्गा तिवारी छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में शक्ति ज़िला मुख्यालय में पदस्थ हैं। अपने आख़िरी फाइनल मुकाबले को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हार–जीत से अधिक उनके लिए यह सफ़र मायने रखता है। दुर्गा तिवारी की यह यात्रा दर्शाती है कि यदि लगन और मेहनत सच्ची हो, तो ग्रामीण पृष्ठभूमि और सीमित साधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनते। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

### थाना और जनपद पंचायत कार्यालय के आसपास अवैध ठेला को हटाने के निर्देश

# शहर को सुव्यवस्थित करने कलेक्टर, एसपी उतरे सड़क पर, हटाया गया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता एवं एसपी आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में कानून व्यवस्था, यातायात, सड़क सुरक्षा, ध्वनि प्रदूषण रोकथाम, आपराधिक दोषमुक्त प्रकरणों और पाक्सो प्रकरण की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने शादी, दशकर्म, कीर्तन भजन, मेला, विष्णु महायज्ञ आदि में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे पर सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध का पालन कराने के निर्देश दिए, वहीं स्कूल, हॉस्पिटल के पास लाउडस्पीकर और डीजे नहीं बजाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आपराधिक दोषमुक्त प्रकरणों और पाक्सो प्रकरण पर लोक अभियोजन अधिकारियों से चर्चा कर न्यायिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण के लिए होटलों में मुसाफिर जांच और मकान मालिकों से किरायेदार की पहचान थाना में जमा कराने के निर्देश दिए। गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोकथाम की कार्यवाही निरंतर करते रहने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मासिक समीक्षा बैठक के तुरंत बाद फील्ड में अमल कराने अपने दल बल के



मौके पर कलेक्टर, एसपी और विभागीय अधिकारी।

साथ जनपद पंचायत कार्यालय और रेंजर पारा फारेस्ट ऑफिस के पास पहुंचे। दल बल में एसपीए एएसपी, एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी सीएमओ आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने जनपद पंचायत कार्यालय के पास अवैध ठेला को हटाने के निर्देश दिए वहीं थाना के बाजू बंद भवन का ताला खुलवाकर अवलोकन कर सखी सेंटर को आवंटित करने के निर्देश दिए। सखी सेंटर थाना के पास होने से महिलाओं को एक ही स्थान में सहूलियत होगी। फारेस्ट ऑफिस के पास अवैध ठेला को हटाने और कचरा की सफाई करने कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए। वहीं उस भूमि पर सरकारी कार्यालय निर्माण संबंधी लागत आवश्यक भूमि आदि के बारे में अधिकारियो से चर्चा की।

सी प्रकार लोहारीन तालाब परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां सीएमओ को सड़क और तालाब के बीच दीवार निर्माण करने के निर्देश दिए और सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा अंतर्गत सारंगढ़ बस स्टैंड में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था करने, अवैध कब्जा हटाने, अवैध पार्किंग को जुर्माना करने के निर्देश एसडीएमए पुलिस और नगरपालिका अधिकारी को दिए। उप संचालक पशुधन महेंद्र पाण्डेय ने सड़क में बैठने वाले घूमन्तु गाय बछड़े को अमझर गोधाम में शिफ्ट करने और पशुओं को पहनाने के लिए रेडियम उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में राजस्व, कोर्ट, आबकारी, लोक निर्माण, पुलिस, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आरटीओ, नेशनल हाइवे आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

### मेले के दौरान छोटे वाहनों के लिए रूट डायवर्ट

सारंगढ़ में चल रहे विष्णु महायज्ञ के दौरान भारत माता चौक से दानसरा की ओर जाने वाले छोटे वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया, जिसके अनुसार लोहारिन तालाब से नंदा चौक होते हुए बाजार चौक तक का वैकल्पिक रास्ता तैयार किया गया है।



## नावा बस्ती से निकली बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसीर

नावाबस्ती में तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दोपहर शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ कार्य क्रम की तैयारी जोरो से की गई है। दिन को पूजा पाठ कथा प्रवचन होगा और रात्रि कालीन बाहर दूर दराज से आए कलाकार पंथी नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम की अतिथि सारंगढ़ विधायक उतरी गनपत जागड़े होगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत संतोषी अरविंद खटकर सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि होगे कार्य क्रम की अध्यक्षता कोसीर सरपंच करेंगे। वहीं शोभायात्रा गांव गली से निकल कर कोसीर के हृदय स्थल अम्बेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की पुष्प हार पहनाकर जयकारे लगाए। इस तरह से पूरे गांव का डीजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस विशेष कार्यक्रम को लेकर गांव के युवा बुजुर्ग महिलाऐ जनप्रतिनिधि जन गांव वरिष्ठ जन भारी संख्या भे उपस्थित रहे वही सतनाम पंथी नृतक भी भारी संख्या उपस्थित रहकर गांव नगर की इस भव्य शोभायात्रा उपस्थित हुए जिसके फलस्वरूप पूरे गांव भक्तिमय बनी रही और गांव के गलियारे बाबा गूरू घासीदास की जयजयकारे से गूंजता रहा।

## श्रीमद्भागवत कथा ने भक्ति, ज्ञान के भाव से जोड़ने का कार्य किया

**खरसिया।** ग्राम टायंग में आयोजित पावन श्रीमद्भागवत कथा में महेश साहू की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उन्होंने व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास पं. पोखराज द्विवेदी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा व्यास पं. पोखराज द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महेश साहू धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों में निरंतर और विशेष रूप से सहभागिता कर समाज में धर्म, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से धार्मिक आयोजनों की गरिमा बढ़ती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। अपने उद्बोधन में महेश साहू ने कथा व्यास पं, पोखराज द्विवेदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मुखारविंद से प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा ने श्रोताओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पं. द्विवेदी जी का गहन आध्यात्मिक ज्ञान, सरल भाषा और मधुर वाणी श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श करती है तथा समाज को सद्मार्ग की ओर प्रेरित करती है। श्री साहू ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार,



- कथा व्यास पं. पोखराज द्विवेदी के मुखारविंद से गूंजी श्रीमद्भागवत कथा भक्तिमय हुआ ग्राम टायंग

भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कथा के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। इस अवसर पर रघु पटेल बंधु राम पटेल, धनेश्वर प्रसाद पटेल, केशव यादव, दिलीप पटेल, राधे पटेल, लोचन प्रसाद पटेल, लूतन डनसेना, विजय गवेल, विक्की महंत, नितेश बरेठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### 140 लीटर चोरी की डीजल के साथ 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा ।** खड़ी गाड़ियों से डीजल की चोरी करने वाले 2 आरोपियों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 140 डीजल जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुड़गहन निवासी विनोद कुमार ने 27 जनवरी को अपने वाहन में 200 लीटर डीजल भरवाकर दीपका जिला कोरबा से रात मे कोयला लोड कर हरदी बाजार बुडगहन रोड से महावीर कोलवासरी के लिए रवाना हुआ। रात्रि 11 बजे वाहन को कटरा जंगल के पास रोड किनारे खडी कर सो गया। रात्रि करीबन 1 बजे वाहन के पीछे डीजल टंकी के पास कुछ लोगो की आवाज आने पर टार्च लेकर वाहन से नीचे उतरा तो देखा कि 3 व्यक्ति सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन खडी कर डीजल चोरी कर अपने स्कार्पियो वाहन मे डीजल के डिब्बा को डाल रहे थे। तीनो व्यक्ति वहां से स्कार्पियो से बुडगहन की ओर भाग गये। मामले की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। मुखबीर की सूचना पर संदेही रजनीश रात्रे पिता शिवराम रात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी खिसोरा खमदाई पारा एंव जयनारायण कैवर्त पिता स्व.समरथ राम कैवर्त उम्र 20 वर्ष निवासी बलौदा को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 140 लीटर डीजल और घटना मे प्रयुक्त एक सफेद रंग का स्कार्पियो वाहन जब्त किया गया।

## एनएसएस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बेलटिकरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने ग्राम सेवाए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक दायित्वों से जुड़े विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन कर ग्रामीणों के बीच सेवा और समर्पण का संदेश दिया।

शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन एवं ग्राम सर्वेक्षण कर ग्रामीण समस्याओं की पहचान की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।



प्रतिदिन स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई तथा साक्षरता, मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण कार्यक्रम संपन्न हुए।

बौद्धिक परिचर्चा में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं अतिथियों में सुनीता विक्रम कोशले हिंदी, उमाशंकर भारद्वाज भौतिकी, अन्नू केवरा गणित, रंगनाथ यादव इतिहास, दीपक कुर्रे वनस्पतिशास्त्र, कुसुम प्रधान अंग्रेजी, डॉ सुमन लता राठौर अर्थशास्त्र, डॉ ज्योति शर्मा राजनीति, नरेंद्र राकेश भूगोल, दूजबाई भारद्वाज रसायन, नयना निराला वनस्पतिशास्त्र, कमल किशोर जांगड़े प्राणिशास्त्र, विनोद डडसेना सहा शिक्षक, चिराग साहू सामाजिक कार्यकर्ता, हीराराम कुर्रे व्याख्याता वक्ता रहे। छठवें दिवस सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक एवं प्रेरक नृत्य नाटक प्रस्तुतियों के द्वारा ग्रामवासियों के मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया गया। इस आवासीय शिविर में कुल 52 छात्र छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभायी। शिविर का नेतृत्व शिविर नायक ब्यासनारायण महिलांगे एवं शिविर नायिका रिंकी राकेश ने किया। उप शिविर नायक विष्णुदेव तथा उप शिविर नायिका जितेश्वरी रहे।

### मनरेगा पर हमला गरीबों पर सीधा प्रहारः कविता

**बिलाईगढ़।** केंद्र की भाजपा सरकार की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार पंचायत जनसंपर्क पदयात्राएँ निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन के नेतृत्व में पंचायत जनसंपर्क पदयात्रा आयोजित की गई, जिसमें बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे विशेष रूप से शामिल हुईं।इस दौरान सुतीऊरकुली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गांव गरीबों की रोजी रोटी, महिलाओं के आत्मसम्मान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा



मनरेगा का नाम बदलने का प्रयास भाजपा की सोची समझी राजनीतिक चाल है। वोट बैंक की राजनीति के लिए भगवान श्रीराम के नाम का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। पदयात्रा ग्राम बांसऊरकुली से प्रारंभ होकर पंडरीपानी होते हुए सुतीऊरकुली पहुँची, जहाँ जनसभा के साथ इसका समापन हुआ। पदयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ, मजदूर, किसान, मनरेगा हितग्राही एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। जगह जगह ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत कर अपनी समस्याएँ कांग्रेस नेताओं के समक्ष रखीं।

## रामचंडी मंदिर में नवनिर्मित ज्योति कलश कक्ष, विवाह मंडप की प्रतिष्ठा

**सरिया।** माघ महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहते हैं और यह एकादशी विजय, सफलता और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर नगर के रामचंडी मंदिर में नव निर्मित ज्योति कलश कक्ष व विवाह मंडप की प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कोलता समाज के लोग सहित नगर एवं आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान अनुसार ज्योति कलश कक्ष व विवाह मंडप की पूजा अर्चना के साथ इसकी स्थापना की गई। इस क्षेत्र में रणेश्वर रामचंडी की महिमा अपरंपार मानी जाती है। जहां मन्नत पूरी होने पर या मन्नत के लिए भक्त ज्योति कलश दीए जलवाते हैं।



श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए। नगर के श्रद्धालु सेवानिवृत्त शिक्षक जीवर्धन प्रधान सपत्नीक इस निर्माण में तन, मन, धन के साथ पूरा कर कक्ष का निर्माण किया और आज इसकी प्रतिष्ठा की गई। इसी तरह यहां विवाह के लिए मंडप की कमी महसूस की जा रही थी। जिसे यहां के महिला समिति ने जन सहयोग से निर्माण किया तथा विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंदिर दर्शन के दौरान महिला समिति ने ओपी चौधरी से विवाह मंडप निर्माण में सहायता करने की मांग करने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा चार लाख रुपए की सहायता की और आज इसका भी प्रतिष्ठा किया गया।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt

## धान बेचने भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा किसान को, तब जाकर कटा टोकन



- सरिया तहसील के अमुर्रा गांव के किसान का मामला
- चक्कर लगाते थक चुका था किसान, आखिरी में बैठा भूख हड़ताल पर

**सरिया।** सरिया में एक किसान को खुद का उगाया हुआ धान बिक्री करने के लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा। तब जाकर उसका टोकन कटा। यदि ऐसा नहीं करता तो शायद उसका धान बिक्री होता ही नहीं। यह है पूरा सिस्टम जिससे किसान काफी परेशान है। यह केवल एक मामला नहीं है बल्कि हर दिन ऐसे दर्जनों मामले सामने आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में धान और किसान इन दोनों एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदेश के सभी ओर किसान और धान के लिए संघर्ष चल रहा है। ऐसी स्थिति में सरिया में भी किसान ने अपने धान बचने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद थक हार कर भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया। तब जाकर प्रशासन हरकत में आई और गुरुवार सुबह 10 बजे सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र सरिया के सामने किसान भूख हड़ताल पर बैठा। जैसे ही भूख हड़ताल पर किसान की बैठने की सूचना प्रशासन को मिली। तब जाकर प्रशासन हरकत में आई और किसान के धान को खरीदने का निर्णय लिया गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में गुरुवार को सुबह 10 बजे ग्राम अमूर्रा के कृषक हलधर राव जाधव धान बेचने के लिए पहले तो कई बार अधिकारियों के चक्कर काटे, लेकिन कहीं पर भी उनके आवेदन का निराकरण नहीं हुआ तो किसान ने 28 जनवरी को कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ के नाम तहसीलदार सरिया कोमल साहू को अल्टीमेटम दिया और कहा कि 28 जनवरी तक धान खरीदी नहीं हुई तो 29 जनवरी से भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया और 29 जनवरी को कृषक हलधर राव जाधव ने धान उपार्जन केंद्र सरिया के सामने भूख हड़ताल पर बैठा। जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, उनके धान को खरीदने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी और नोडल अधिकारी को कृषक के घर धान की भौतिक सत्यापन के लिए भेजा गया।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त